RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 22 जुलाई 2023 | वर्ष 05 | अंक 90 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मुंबई में भारी बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त... हाई टाइड का अलर्ट !

मुंबई : मुंबई में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश की वजह से मुंबई शहर के निचले इलाकों में जलभराव हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुंबई में पिछले तीन घंटों से लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग की तरफ से दोपहर में हाई टाइड का अनुमान भी जताया गया है।



IMD द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मुंबई और आसपास के जिलों में- ठाणे, रायगढ़ और पुणे के घाट एरिया में अभी अगले तीन-चार घंटे तक बारिश का अनुमान है। देश की आर्थिक राजधानी में बारिश की वजह से मुंबई- अंधेरी सबवे ट्रैफिक के लिए बंद कर दिया गया है। इसके अलावा टेम्बी ब्रिज, चेंबूर, घाटकोपर, सर्वे जंक्शन, एबीएस रोड कुर्ला, सायन सर्कल में जलभराव की खबरें आ रही हैं।

BEST ने डायवर्ट की बसें - एक अधिकारी ने कहा कि बेस्ट ने मुंबई में कम से कम 12 रूट्स पर बसें डायवर्ट कर दी हैं। इसके अलावा जलभराव की वजह से अंधेरी सबवे यातायात के लिए बंद होने से मोटर चालकों और पैदल यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है। रेलवे अधिकारियों ने दावा कि पश्चिमी, मध्य और हार्बर लाइन पर ट्रेनें सामान्य रूप से चलती रहीं, जबकि यात्रियों ने ट्रेन सेवाओं में 10 से 15 मिनट तक की देरी की शिकायत की है। एक अधिकारी ने बताया कि BMC के आंकड़ों के अनुसार, शहर में सुबह आठ बजे तक, पिछले 24 घंटों की अवधि के दौरान 30 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

### नांदेड़ में बाढ़ जैसे हालात

महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात पैदा होने के बाद बिलोली तहसील के 12 गांवों से करीब एक हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि राजस्व विभाग के कर्मचारियों और अन्य लोगों की मदद से गुरुवार शाम को बचाव अभियान चलाया गया था, जो देर रात तक जारी रहा। उन्होंने कहा, ह्यह्यहरनाली, मचनूर, बिलोली, गोलेगांव, अराली, कसाराली, बेलकोनी, कुंडलवाड़ी और गंजगांव समेत 12 गांवों के लगभग एक हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। लगातार बारिश के कारण इन गांवों में पानी का स्तर बढ़ने से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं।

## रात 10 बजे तक ही खुलेंगी शराब दुकानें

### नियम का उल्लंघन करने पर दो बार चेतावनी !

**मुंबई :** राज्य में शराब की दुकानें नियमानुसार रात 10 बजे तक ही खुली रखी जा सकेंगी। अगर कोई दुकानदार इसका उल्लंघन करता है तो उसे दो बार चेतावनी दी जाएगी, लेकिन तीसरी बार नियम का उल्लंघन करने पर दुकान का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। इस बात की घोषणा आबकारी मंत्री शंभूराज देसाई ने विधानसभा में की। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि शराब के अवैध निर्माण और बिक्री को लेकर एमपीडीए एक्ट के तहत कार्रवाई की जा सकती है और इस बारे में जांच की जाएगी कि क्या इन अपराधों के संबंध में सजा बढ़ाई जा सकती है।



**अवैध शराब निर्माण, तस्करी के खिलाफ अभियान**

भाजपा विधायक अभिमन्यु पवार की लक्ष्यभेदी सूचना के जवाब में मंत्री देसाई ने कहा कि नियमों के अनुसार शराब की दुकान रात 10 बजे तक ही खुली रखी जा सकती है। अगर कोई दुकानदार इसका उल्लंघन करता है तो पहले दो बार उसे चेतावनी दी जाएगी और तीसरी बार उल्लंघन करने पर दुकान का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। शराब के अवैध निर्माण, तस्करी और बिक्री को लेकर उत्पाद अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त अभियान चलाया है। सजा की दर भी बढ़ी है।






## संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

### घिनौनी घटना

आपसी वैमनस्य और जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उन्हें सार्वजनिक रूप से घुमाने, उनके साथ वहशी व्यवहार करने और उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सभ्य समाज को क्षुब्ध और लज्जित करने वाली है। इस घिनौनी घटना ने मणिपुर के साथ देश को भी शर्मिंदा करने का काम किया है। इस घटना की समवेत स्वर में भर्त्सना ही नहीं होनी चाहिए, बल्कि सभी सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कहीं पर भी मानवता को शर्मसार करने वाली ऐसी घटना न घटे। ऐसा तभी हो सकता है, जब ऐसी किसी भी वीभत्स घटना के लिए जिम्मेदार तत्वों को जितनी जल्दी संभव हो सके, कठोरतम सजा का भागीदार बनाया जाए।

यह उचित और अपेक्षित ही है कि मणिपुर के मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय गृहमंत्री और प्रधानमंत्री ने अपना क्षोभ व्यक्त करने के साथ यह संकल्प व्यक्त किया कि राष्ट्र को नीचा दिखाने वाली इस घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, लेकिन यह हैरानी की बात है कि मई के पहले सप्ताह में घटी इस खौफनाक घटना से राज्य सरकार तत्काल अवगत नहीं हो सकी। इससे मणिपुर में कानून एवं व्यवस्था की नाकाम और दयनीय दशा का ही पता चलता है। आखिर किसी राज्य का शासन इतना अक्षम कैसे हो सकता है कि सार्वजनिक स्थल पर इतनी घृणित घटना घट जाए और उसे कुछ पता न चले? यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि मणिपुर सरकार अपने दायित्वों का निर्वहन सही तरह नहीं कर पा रही है। शायद यही कारण है कि वहां लंबे समय तक बड़े पैमाने पर हिंसा के साथ आगजनी होती रही। इस हिंसा में अनेक लोग मारे गए और हजारों लोगों को अपना घर-बार छोड़कर भागना पड़ा। इस दौरान भी कई महिलाओं के साथ यौन हिंसा हुई।

यह ठीक है कि पिछले कुछ समय से स्थितियां नियंत्रण में आती दिख रही हैं, लेकिन उन कारणों की तह तक जाने और उनका निवारण करने की आवश्यकता है, जिनके चलते उपद्रवियों ने पुलिस एवं सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के साथ उनके हथियार भी लूटे। मणिपुर के मामले में यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि हिंसा में दोनों पक्ष शामिल हैं और दोनों ही पीड़ित हैं। जिसे जहां मौका मिला, उसने वहां मनमानी की। यह समझ आता है कि मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए राक्षसी कृत्य से सुप्रीम कोर्ट भी कुपित है और विपक्षी दल भी। विपक्षी नेता सड़क से लेकर संसद तक अपना आक्रोश व्यक्त करने के साथ सरकार को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। यह घटना ही ऐसी है कि सभी को आवाज उठानी चाहिए, लेकिन यदि विपक्ष यह चाहता है कि इस बेहद गंभीर मामले पर संसद में गहन चर्चा हो और सरकार जवाब दे तो फिर उसे अपने हंगामे पर विराम लगाना होगा। आखिर ऐसी निकृष्ट घटना पर हंगामा करने से कुछ हासिल होगा या फिर व्यापक चर्चा करने से?

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# महाराष्ट्र में भारी बारिश के बीच अब डेंगू का 'कहर'

## मिले इतने केस, बीमारी से बचना है तो करें ये काम...

**मुंबई :** 1 से 16 जुलाई के बीच मुंबई शहर में डेंगू के 264 मरीज सामने आए. यह आंकड़ा जून में दर्ज किए गए कुल मामलों (352) का 74% है. नागरिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 264 में से 173 मामले 9 से 16 जुलाई के बीच सामने आए, जबकि शेष 91 जुलाई के पहले आठ दिनों में सामने आए. इसके अलावा एक पखवाड़े में मलेरिया, लेप्टोस्पायरोसिस, हेपेटाइटिस




और स्वाइन फ्लू के मरीजों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है.

**महाराष्ट्र में डेंगू और मलेरिया का खतरा**

राज्य स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पूरे महाराष्ट्र में जल-जनित और वेक्टर-जनित बीमारियां बढ़ रही हैं और पूर्व-कोविड स्तर तक पहुंच गई हैं. उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं हैं जहां मरीज डेंगू और मलेरिया दोनों से संक्रमित हुए हैं. डेंगू के बढ़ने मामलों को देखते हुए नागरिक स्वास्थ्य विभाग के

### बचने के लिए क्या करें?

डॉ. अरोड़ा ने कहा, मानसून के दौरान स्ट्रीट फूड से सख्ती से बचना चाहिए, ह्मौसम की स्थिति में बदलाव और ऐसे खाने की आदतों के कारण अधिक लोग दस्त, मतली और उल्टी जैसे लक्षणों का सामना करते हैं और उन्हें अस्पताल जाना पड़ता है. ये गैस्ट्रोएंटेराइटिस का संकेत भी देता है. घर का बना भोजन और उबला हुआ पीने का पानी ऐसे संक्रमणों के खिलाफ सबसे अच्छा सुरक्षा उपाय है.

एक डॉक्टर ने कहा, 'अस्पताल में भर्ती होने की दर अभी भी कम है. वर्तमान में चिकित्सक अपने बाह्य रोगी विभागों में प्रतिदिन डेंगू जैसी बीमारियों के 10-20 मामलों का इलाज कर रहे हैं.

### चिकनगुनिया के भी बढ़ रहे मामले

चिकनगुनिया के बढ़ते मामलों पर एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि मानसून अपने साथ मलेरिया, डेंगू और लेप्टोस्पायरोसिस जैसे संक्रामक बुखार के अलावा अन्य जल-जनित संक्रमणों की बाढ़ लाता है. ये सभी संक्रमण बुखार, शरीर में दर्द, मायलगिया, पीलिया, जोड़ों के दर्द, दस्त आदि के साथ मौजूद होते हैं. उन्होंने कहा, ह्हालांकि अधिकांश रोगियों को हल्की बीमारी होती है और वे ठीक हो जाते हैं.

# निर्वस्त्र महिलाओं का वीडियो वायरल होने के बाद मणिपुर में भड़की हिंसा

## मुख्य आरोपी का घर जलाया



**मणिपुर :** जैसा कि हम सब जानते पिछले तीन महीने से हिंसक आंदोलन की आग में झुलस रहे मणिपुर में जारी हिंसा अभी तक नहीं रुकी है। इसके अलावा दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर प्रताड़ित करने का वीडियो सामने आने के बाद मणिपुर सहित देश में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है और महिलाओं पर अत्याचार करने वाले मुख्य आरोपी का घर भीड़ ने जला दिया है। यह घटना मणिपुर के चेकमाई इलाके में हुई।

मिली जानकारी के मुताबिक मुख्य आरोपी के घर में अचानक भीड़ ने आग लगा दी। इस घटना का वीडियो भी अब वायरल हो रहा है। मणिपुर में आरक्षण को लेकर हिंसा भड़कने के बाद हाल ही में भीड़ द्वारा दो महिलाओं को नग्न करने और उन पर अत्याचार करने का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुरुवार को इस मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

मणिपुर में 4 मई को कांगपोकपी जिले के एक गांव में तीन महिलाओं को निर्वस्त्र करने की वीभत्स घटना चौंकाने वाली है। अत्याधुनिक हथियारों से लैस 800 से 1000 लोग बी फेनोम गांव में घुस आए। ग्रामीणों ने इन लोगों से अपनी जान बचाने के लिए जंगल में शरण ली। उनमें से पांच को मैतेई संगठनों के कार्यकर्ताओं ने घेर लिया था।

उनमें एक 56 वर्षीय व्यक्ति, उसका 19 वर्षीय बेटा, 21 वर्षीय बेटी और 42 और 52 साल की दो महिलाएं शामिल थीं। मैतेई भीड़ ने एक 56 वर्षीय व्यक्ति की हत्या कर दी। फिर तीनों महिलाओं को सभी लोगों के सामने निर्वस्त्र कर दिया गया। इसके बाद दिनदहाड़े सबके सामने 21 साल की लड़की से सामूहिक दुष्कर्म किया गया। साथ ही दो महिलाओं का नग्न अवस्था में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया

# भूस्खलन के खतरे में १२० से अधिक गांव



**मुंबई :** महानगर मुंबई से सटे रायगड जिले में पहाड़ियों की श्रृंखला है, यहां कई गांव पहाड़ों की तलहटी में बसे हुए हैं। जोरदार बारिश के दौरान यहां कई बार भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। प्रशासन ने भी भूस्खलन के खतरे वाले गांवों की सूची बनाई है लेकिन लगभग पिछले दो दशक से इन गांवों के पुनर्वसन की समस्या जस की तस है। आज भी लगभग १२० से अधिक गांव हैं, जो भूस्खलन के खतरे में हैं। अकेले महाड तालुका में ७५ से अधिक गांव हैं जिन पर भूस्खलन का खतरा है। जहां २७ हजार से अधिक लोग रहते हैं। यहां २००५ से अब तक भूस्खलन की दो घटनाओं में २०० से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।



# केबल टैपिंग कर चैनल की चोरी
## कंपनी और सरकार को घटा



**मुंबई :** अंबोली पुलिस ने चैनल दिखाने की परमिशन न होने के बावजूद केबल में टैपिंग कर केबल दिखाने के मामले में एफकाईआर दर्ज किया है। चैनल के कंसलटेंट सरफराज अली सय्यद की शिकायत पर यह एफआईआर दर्ज किया गया है। अंबोली पुलिस मामले की अधिक जांच करने में जुटी हुई है। पुलिस को दी गई शिकायत में कहा गया है कि अंधेरी पश्चिम मेम स्थित एबीएस डिजिटल केबल प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी केबल सप्लाई का व्यवसाय करती है। केबल ताइपिंग के जरिये सिग्नल प्राप्त कर चार चैनल का प्रसारण कर सोनी कंपनी के साथ धोखाधड़ी किया। मामले में आरोपी अतुल सराफ और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 379, 34 और पायरेसी एक्ट 1957 की धारा 63 और 69 के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता सरफराज सैय्यद, पायरेसी कंसलटेंट, सोनी कंपनी ने बताया कि एबीएस डिजिटल केबल नेटवर्क कंपनी के पैसे बकाया होने की वजह से एग्रीमेंट रद्द हो गया था। चेकइन के दौरान पता चला कि लरमीशं न होने के बावजूद भी यहां चैनल दिखाया जा रहा है। जिसके आधार पर एक शिकायत अंबोली पुलिस थाने में दी गई। पुलिस ने मामले मेम एफएआईआर दर्ज कर लिया है। मामले की अधिक जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# मनपा मुख्यालय में खुला पालक मंत्री का कार्यालय...

## मनपा के पूर्व नगरसेवक नाराज



**मुंबई :** मनपा प्रशासन ने मुंबई के पालक मंत्री के लिए मनपा मुख्यालय में जगह उपलब्ध कराई है। मनपा प्रशासन ने उपनगर के पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा को अभी कार्यालय उपलब्ध कराया है जबकि मनपा अधिकारीयों की मानें तो शहर के पालक मंत्री दीपक केसरकर के लिए भी कार्यालय उपलब्ध कराया जाएगा। मनपा प्रशासन द्वारा पालक मंत्रियों के लिए कार्यालय उपलब्ध कराने पर मनपा की राजिनितिक पार्टियों के नेताओं में नाराजगी जताई जा रही है। बता दे कि मनपा प्रशासन ने पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा के लिए मनपा मुख्यालय की मुख्य इमारत के दूसरी मंजिल पर कार्यालय के लिए जगह उपलब्ध कराई गई हैं। मनपा द्वारा उपलब्ध कराए गए कार्यालय पर पालक मंत्री नागरिक कक्ष कार्यालय का बोर्ड लगा हुआ है। मनपा इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि मनपा मुख्यालय में पालक मंत्री के लिए कार्यालय खोला गया है।मनपा प्रशासन द्वारा पालक मंत्री के लिए जगह उपलब्ध कराए जाने पर मनपा की राजनीतिक पार्टियां कांग्रेस समाजवादी पार्टी और रांकपा ने विरोध किया।मंगल प्रभात लोढ़ा ने पालक मंत्री का कार्यालय खोले जाने पर कहा की मनपा में फिलहाल प्रशासन नही है जिससे आम जनता को अपने काम के लिए कहा जाए ।नगरसेवक नही होने से लोगो को परेशानी हो रही है जिसको देखते हुए लोगो को सुविधा देने के लिए कार्यालय खोला गया है।मनपा अधिकारियो ने बताया की शहर के पालक मंत्री दीपक केसरकर के

### मनपा में राजनीतिक पार्टियों के कार्यालय पर ताला लगा हुआ है।

बता दे की मनपा का कार्यालय फरवरी 2022 में खत्म हो गया।लेकिन उस दौरान मनपा के पार्टी कार्यालय पर ताला नहीं लगा ।लेकिन शिवसेना में फूट पड़ने के बाद मनपा में सभी राजनीतिक पार्टियों के कार्यालय पर ताला लगा दिया गया। मनपा में पिछले एक साल से मनपा की राजनीतिक पार्टियों पर ताला लगा हुआ है। मनपा विरोधी पक्ष नेता रहे रविराजा ने आरोप लगाया कि मनपा में को इतिहास में नही हुआ वह अब हो रहा है पार्टी कार्यालय ही नहीं मिनी मंत्रालय खोल दिया जाए समाजवादी पार्टी के नेता रइस शेख और रांकपां की रखी जाधव ने भी मनपा प्रशासन के इस कृत्य पर नाराजगी जताई।रखी जाधव ने कहा कि मनपा आयुक्त इस समय राज्य सरकार के कहने पर काम कर रहे है।उन्हे जनता की कोई फिक्र नहीं है ।लोगों का बारिश में गढ्ढों से और बीमारी से बुरा हाल हो रहा है लेकिन आयुक्त सिर्फ मंत्रियों की फिक्र कर रहें है

# पुलिस रेकॉर्ड में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई :** हत्या के प्रयास मामले में फरार आरोपी को मुंबई क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण जैसे छह मामले दर्ज हैं। आरोपी को उसके ही एक दोस्त की निशानदेही पर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का डॉट पुलिस का मुखबिर बन गया और फिर उसीके मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गागा। अपराध शाखा यूनिट तीन ने फरार आरोपी शिवानंद ओमप्रकाश मिश्रा उर्फ डब्बू (32) को नालासोपारा से गिरफ्तार कर लिया है। डब्बू पर जून 2020 में डिंडोशी पुलिस स्टेशन में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था और वह तब से फरार था। क्राइम ब्रांच के अधिकारी ने बताया कि डब्बू पिछले तीन साल से अपनी पहचान छिपा रहा था। डब्बू मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और अपराध को अंजाम देने के बाद से ही आरोपी फरार था। यूनिट तीन के अधिकारी को सूचना मिली कि डब्बू नालासोपारा के गौराई पाड़ा आने वाला है। जिंसके बाद जल बिछाकर सब गिरफ्तार किया गया है।

डीसीपी अपराध शाखा बालसिंह राजपूत ने बताया कि शिवानंद ओमप्रकाश मिश्रा उर्फ डब्बू को पकड़कर डिंडोशी थाने को सौंप दिया गया है। इसमें आगे की जांच डिंडोशी पुलिस कर रही है। जून 2020 में डब्बू की गाड़ी, मिंटू भारद्वाज की गाड़ी से टकरा गई, जिसके बाद दोनों के बीच झगड़ा हुआ। मिंटू और डब्बू दोनों एक ही मोहल्ले में रहते हैं। इसी झगड़े के गुस्से को ध्यान में रखते हुए डब्बू ने अपने दोस्त दस्तगीर शेख के साथ मिलकर मिंटू और उसके दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया। डब्बू ने मिंटू के पेट में चाकू मार दिया था। इस मामले में दिंडोशी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर शेख को गिरफ्तार कर लिया था लेकिन डब्बू तभी से फरार था। डब्बू के खिलाफ दिंडोशी पुलिस थाने में पांच एफआईआर दर्ज की गई हैं और एक एफआईआर कुरार पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है जिसमें हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण और मारपीट के मामले दर्ज हैं।

# महाराष्ट्र वस्तु-सेवा कर संशोधन बिल मंजूर



**मुंबई :** विधानसभा में महाराष्ट्र वस्तु व सेवा कर अधिनियम 2017 में संशोधन करने वाले महाराष्ट्र वस्तु व सेवा कर संशोधन विधेयक 2023 को मंजूर किया गया। उपमुख्यमंत्री तथा वित्त मंत्री अजित पवार ने कहा कि एक देश एक टैक्स के फॉर्मूले के आधार पर यह बिल पेश किया गया है। केंद्र सरकार की तरफ से केंद्रीय कानून में संशोधन करने के बाद सभी राज्यों के लिए संबंधित कानूनों में आवश्यक संशोधन करना अनिवार्य है।

इस अनुसार विधेयक पेश किया गया है। विधेयक में महाराष्ट्र माल एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के 22 खंडों और 1 अनुसूची में संशोधन करने का प्रस्ताव है।

इसमें मुख्य रूप से न्यायाधिकरण, डेटा अभिलेखीय नीति, अपराधों के प्रावधानों का सरलीकरण, इनपुट टैक्स क्रेडिट, पंजीकरण और रिफंड से संबंधित अनुभागों में संशोधन प्रस्तावित हैं। वित्त मंत्री ने बताया कि प्रस्तावित सुधार प्रक्रिया के सरलीकरण और करदाताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित किए गए हैं।

# भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित, ट्रेनों के देरी से चलने और ट्रैफिक जाम से लोग हलाकान



**मुंबई :** मुंबई और ठाणे समेत राज्य के कई जिलों में सोमवार से हो रही भारी बारिश से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। उपनगरीय ट्रेनों के देरी से चलने और ट्रैफिक जाम से लोग हलाकान हो रहे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि मानसून की शुरूआत से ही स्थानीय निकायों द्वारा तमाम सावधानियां बरतने के बावजूद लोगों की लापरवाही उनकी जान की दुश्मन बन रही है। इस बीच गुरुवार को एक बार फिर मौसम विभाग ने मुंबई के लिए एक दिन ऑरेंज और दो दिन येलो अलर्ट की चेतावनी दी है।




# बीजेपी सरकार और शिंदे-फड़णवीस सरकार के खिलाफ 'महिला आक्रोश मोचा'



**मुंबई :** केंद्र की बीजेपी सरकार और राज्य की शिंदे और फड़णवीस सरकार देश में भारी महंगाई को नजरअंदाज कर रही है और उसे कम करने के लिए कदम नहीं उठा रही है। सरकार के इस मनमानी रवैय्ये के खिलाफ मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष प्रो. वर्षा गायकवाड़ के नेतृत्व में आज मुंबई के अंधेरी वेस्टर्न रेलवे स्टेशन के सामने 'महिला आक्रोश मोर्चा' का आयोजन किया गया. इस मार्च में मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष प्रो. वर्षा गायकवाड़ के साथ पूर्व सांसद संजय निरुपम, विधायक असलम शेख, मुंबई कांग्रेस कार्याध्यक्ष चरण सिंह सपरा, पूर्व विधायक मधु चव्हाण और अशोकभाऊ जाधव, मुंबई महिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीशा बागुल और बड़ी संख्या में मुंबई कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता और महिला कार्यकर्ता शामिल हुई थी। देश में महंगाई बेतहाशा बढ़ गई है। पेट्रोल, डीजल, घरेलू गैस के साथ-साथ दैनिक जीवन में काम आने वाली आवश्यक वस्तुओं और सब्जियों की कीमतों में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। इस भारी महंगाई से राज्य की आम गरीब जनता हताश हो गयी है. सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। महंगाई के कारण गृहणियों और महिलाओं का बजट पूरी तरह चरमरा गया है, इसलिए इस आक्रोश मोर्चा में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# जानलेवा बनते जा रहे मुंबई की सड़को के गड्ढे ...

**मुंबई :** मनपा प्रशासन ने मानसून के दौरान सड़को पर बनने वाले गढ्ढो को भरने के लिए इस साल नई तकनिकी लेकर आई है। इसके बावजूद मुंबई की सड़को पर बने गढ्ढे लोगो की जान लेने के लिए मुंह बाए है। सड़को पर बने इन गढ्ढो में कभी भी वहां चालकों की दुर्घटना होकर मौत हो सकती है। मनपा की माने तो मुंबई की सड़को पर मात्र 101 गढ्ढे ही शेष है जिन्हे भरा जाना है। मनपा के पास कुल 332 की गढ्ढो की शिकायत आई थी जिसमें से 269 गढ्ढो को भरने का प्लान किया गया जिसमे 231 गढ्ढो को भर दिया गया। अब मात्र 101 गढ्ढे भरे जाने शेष है। मनपा के इन दावों को सच माने तो सांताक्रूज एसव्ही रोड पर ही हजारो की संख्या में गढ्ढे बने पड़े है। एसव्ही रोड पर मेट्रो का काम चल रहा है जिससे इस सड़क पर गढ्ढो का प्रमाण अधिक है इसी तरह सांताक्रूज के



तिलक रोड पर भी गढ्ढो की भरमार बनी हुई है यह सड़क स्टेशन की ओर जाने के लिए है जिससे इस अपर वाहनों की भी संख्या अधिक होती है। इसी तरह मालाड इलाको के गड्ढों ने इस परिसर की हालत खराब कर दी है। मालाड के पोसरी तालाब एरिया, मार्वे रोड, मालवणी और आईएनएस हमला के पास सड़कों की हालत खस्ता है। सड़कों पर गड्ढे तो हैं हे साथ ही उनमें पानी भी भरा है जिससे गाड़ियां हिचकोले लेते हुए उसमें से गुजरती हैं। दो पहिया वाहनों के चालक जरा सा भी संतुलन खो दें तो वह गड्ढों में गिर सकते हैं। यहां सबसे ज्यादा सड़कों की खराब हालत आईएनएस हमला के सामने रोड पर है। रोड पर करीब 50 मीटर के दायरे में सड़क पर जगह-जगह गड्ढा और उसमें पानी भरा है। मालाड के मालवणी इलाके में पोसरी तालाब के पास चौक पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। इसी तरह मार्वे रोड पर ब्लू हेवन होटल के सामने एक साथ सड़क पर कई गड्ढे हैं। यशस्वी हॉस्पिटल के सामने जनकल्याण नगर मालाड वेस्ट चौक पर भी सड़क के 100 मीटर के दायरे में कई गड्ढे हैं जो यह बता रहे हैं कि मनपा को इन गढ्ढो को तत्काल भरने की आवश्यकता है। यहां हॉस्पिटल में बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए आते हैं। इसी तरह जोगेश्वरी पूर्व में पी पी दास कंपाउंड सर्विस रोड पर शंकरवाड़ी बस स्टॉप के पीछे बीच सड़क पर गड्ढे हैं। गोरेगांव पूर्व में वेस्टर्न होटल के पास सड़क पर कई गड्ढे हैं। कांदिवली पूर्व में दहानुकर वाडी मेट्रो स्टेशन के नीचे और कांदिवली पश्चिम में हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे आपला दवाखाना जाने वाली सड़क की शुरूआत में ही गड्ढे ही गड्ढे हैं। यह एरिया गुलशन नगर कांदिवली पश्चिम में आता है। बोरीवली पश्चिम में ब्लू लिंक रोड चीकूवाडी में सड़क के गड्ढे बता रहे हैं कि यहां जल्द से जल्द मरम्मत की जरूरत है।मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने मुंबई की सड़कों पर बने गड्ढे को भरने के लिए अलग-अलग एजेंसियों को जिम्मेदारी दी है। साथ ही उस पर नजर रखने के लिए भी टीमों का गठन किया है।

# कोविड सेंटर घोटाला मामले मेम गिरफ्तार आरोपियों को ईडी की हिरासत

**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए सुजीत पाटकर और डॉ किशोर बिसुरे को कोविड सेंटर घोटाला मामले में गिरफ्तार कर विशेष पीएमएलए अदालत में किया गया। अदालत ने दोनों को 27 जुलाईं तक ईडी के हिरासत में भेज दिया है। बुधवार की रात को इन्हें गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने अदालत में बताया कि दोनों के खिलाफ ऐसे सबूत हैं जो बताते हैं कि कोविड सेंटर में घोटाला हुआ है। इसीलिए दोनों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं पाटकर के वकील ने महज



फसाये जाने का आरोप लगाया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक कोरोना महामारी के दौरान बनाये गए कोविड सेंटर में हुए कथित घोटाले के मामले में ईडी ने यूबीटी सांसद संजय राउत के करीबी माने जानेवाले सुजीत पाटकर और डॉ किशोर बिसुरे को बुधवार को गिरफ्तार किया गया था। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने आरोप लगाया था कि कोविड सेंटर में कथित तौर पर घोटाला हुआ है। जिसमें अयोग्य लोगों को कोविड सेंटर के मैनेजमेंट का ठेका दिया गया। इसके अलावा जिस कंपनी को ठेका दिया गया था इसे किसी भी प्रकार का अनुभव नहीं था। कोविड के पहले ही इस कंपनी को बनाया गया था। दहिसर और वर्ली के कोविड सेंटर घोटाला मामले में शिकायत की गई थी।

**कोरोना मरीजों की जान खतरे में डाला**

अदालत में ईडी के वकील ने बताया कि लाइफलाइन हॉस्पिटल मैनेजमेंट सर्विस बीएमसी के साथ मिलकर काम कर रहा था। इसमें 50 से 60 प्रतिशत तक फर्जी स्टाफ बताए गए थे। जिनके नाम पर पैसा भी लिया गया है। यह बिना किसी बीएमसी के अधिकारी के मिले नहीं हो सकता है। जिसकी वजह से कोविड सेंटर में भर्ती हुए कई लोगों की जान को जोखिम में डालकर सरकारी फंड का दुरुपयोग किया गया।

## झूठे बिल बनाकर आर्थिक घोटाले का आरोप

आरोपी पाटकर और डॉ किशोर को जब अदालत में पेश किया गया तब ईडी की वकील कविता पाटिल ने अदालत से कहा कि पाटकर ने नकली बिल के आधार पर पैसे महानगर पालिका से प्राप्त किया इसके अलावा बिल को बिना चेक किये ही डॉक्टर ने पास कर दिया। जिसके बाद अदालत से दोनों आरोपियों के आठ दिन के कस्टडी की मांग की गई। जिसके बाद पाटकर के वकील सुभाष झा ने अदालत को बताया कि लाइफलाइन के चार संचालक हैं सिर्फ एक को ही गिरफ्तार किया गया है यह सब जान बूझकर किया जा रहा है। इसके अलावा पाटकर को कई बीमारी भी है। उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जाए। इसपर न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने दोनों आरोपियों को 27 जुलाईं तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

# विवेक ओबेरॉय के साथ धोखाधड़ी

## छह लोगों के खिलाफ एफआईआर

**मुंबई :** मुंबई के अंधेरी स्थित एमआईडीसी पुलिस थाने ने अभिनेता विवेक ओबेरॉय और उनकी पत्नी प्रियंका ओबेरॉय ने तीन निमार्ताओं के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। अभिनेता ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने न केवल उनके व्यक्तिगत खाते से पैसे निकाले, बल्कि विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए उन्हें पैसे देने से भी इनकार कर दिया। जिससे उनके साथ कुल 1.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई है। एमआईडीसी पुलिस ने बुधवार को इन आरोपों के आधार पर छह लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 34, 406, 409 और 420 के तहत धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की है। आरोपियों में फिल्म निमार्ता और कार्यक्रम आयोजक संजय साहा, उनकी मां नंदिता साहा और राधिका नंदा शामिल हैं।



अभिनेता और उनकी पत्नी की ओर से उनके अकाउंटेंट देवेन बाफना ने शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी लिखित शिकायत में, बाफना ने कहा था कि दोनों पक्षों ने मिलकर फिल्म व्यवसाय के साथ-साथ फिल्म निर्माण से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करने में विशेषज्ञता वाली एक इवेंट कंपनी शुरू की थी। सीए ने पुलिस को दिए अपने बयान में कहा कि ओबेरॉय ने 2017 में ओबेरॉय ऑर्गेनिक्स नाम से एक कंपनी बनाई थी। चूंकि यह बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही थी, इसलिए उन्होंने पहले तीन आरोपियों को फर्म में भागीदार बनाने का फैसला किया, फिर उस व्यवसाय को भंग कर दिया और इसे आनंदिता एंटरटेनमेंट के नाम से एक इवेंट व्यवसाय में बदल दिया।जुलाई 2020 में दोनों पक्षों के बीच हुए मीटिंग में यह तय हुआ था।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को दिए अपने बयान में कहा है कि कुछ महीने बाद ओबेरॉय ने अपने शेयरों को ओबेरॉय मेगा एंटरटेनमेंट नामक एक अन्य कंपनी में स्थानांतरित करने का फैसला किया। इसका मतलब यह हुआ कि पार्टनरशिप व्यवसाय का रोजमर्रा का काम संजय साहा और राधिका नंदा द्वारा देखा जाता था। ओबेरॉय को अप्रैल 2022 में एक कर्मचारी द्वारा व्यवसाय में धन के दुरुपयोग के बारे में जानकारी दी गई थी, जिसके बाद इस मुद्दे को सुलझाने के लिए बाफना की सेवाएं ली गईं। बाफना की अकाउंट जांच में पता चला कि संजय साहा ने कंपनी के पैसे का इस्तेमाल अपनी मां के लिए जीवन बीमा प्रीमियम का भुगतान करने सहित विभिन्न व्यक्तिगत कारणों के लिए किया था। नंदा ने भी कंपनी से पैसे निकाले थे। एमआईडीसी पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि खाते के स्टेटमेंट के अनुसार दोनों साझेदारों ने 58 लाख रुपये से अधिक की हेराफेरी की है।




# खुद की जान जोखिम में डाल कुत्तों को बचाया



**कल्याण :** कल्याण में एक शख्स कुत्ते के बच्चों के लिए देवदूत साबित हुआ। बाढ़ के पानी में डूब रहे कुत्ते के बच्चों को शख्स ने अपनी जान की परवाह नहीं करते हुए किसी तरह से बचा लिया। बता दें कि तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण शहर में बाढ़ जैसी स्थिती बनी हुई है। बारिश से जो हाल हुआ है, वो चिंताजनक है। इससे न केवल इंसान,बल्कि आवारा पशु भी परेशान हो गए हैं। इंसान तो किसी तरह से अपना बीच-बचाव कर ले रहा है लेकिन आवारा पशुओं की तरफ किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। इसी बीच एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है, जो सुकून देने वाला है। बाढ़ के पानी में डूब रहे कुत्ते के सात बच्चों को एक शख्स ने अपनी जान दांव पर लगाकर किसी तरह से बचा लिया।

बताया जा रहा है कि उक्त वायरल वीडियो मोहने के यादव नगर का है। बताया जाता है कि १९ जुलाई को हुई जोरदार बारिश से इस इलाके में पानी भर गया था, जिससे लोग बेहाल थे और किसी तरह से पानी से बचने की मशक्कत कर रहे थे। इसी बीच एक मादा श्वान के सात बच्चे बाढ़ के पानी मे फंसे हुए थे, और वह लगातार भौंक रही थी, लेकिन किसी का भी ध्यान मादा कुत्ते की तरफ नहीं जा रहा था। जबकि, मादा श्वान लगातार अपने बच्चों को बचाने के लिए भौंक रही थी।

# टूटे नंबर प्लेट से पकड़ाया आरोपी

**मुंबई :** अंधेरी स्थित एमआईडीसी इलाके में हुए हिट एंड रन मामले में पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को जिस गाड़ी ने टक्कर मारा था उसका महज टूटा हुआ नंबर प्लेट मिला था। जिसके बाद मामले में आगे की जांच करते हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, हादसा मंगलवार सुबह करीब 5.30 बजे मरोल मरोशी रोड पर हुआ। जब मृतक हजारीलाल पटेल अपनी दिनचर्या



के मुताबिक दूध देने जा रहे थे। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच कर उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ही दुर्घटना के बाद उन्हें कूपर अस्पताल पहुंचाया था। जब वे घटना स्थल का पंचनामा कर रहे थे, तभी उन्हें एक कार की नंबर प्लेट दीखी। जिसके आधार पर पुलिस ने उस कार के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

### कार किसी और के नाम पर थी रजिस्टर

जांच के दौरान, पुलिस को पता चला कि जिस कार का टूटा हुआ नंबर प्लेट मिला है। उस कार को मालिक ने एक साल पहले ही बेच दिया है। लेकिन वाहन का रजिस्ट्रेशन नए मालिक को हस्तांतरित नहीं किया गया था। क्योंकि पिछले मालिक ने आरसी बुक खो दी थी। बुधवार दोपहर को उन्होंने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसकी पहचान बाद में मरोल निवासी शाहबाज अब्दुलकादिर शेख (32) के रूप में हुई।

### भाजीवले के जरिये हुई शिनाख्त

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पटेल उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के रहने वाले हैं और पिछले बीस वर्षों से मुंबई में रह रहे हैं। उनके दो दशक पुराने दोस्त सुभाष यादव के साथ वे रहते थे। जांच के दौरान पुलिस को पटेल के जेब से एक डायरी मिली। जिसमें भाजीवाले का नंबर लिखा था। पुलिस ने भाजीवाले को फोन किया और उसके परिवार को जानकारी देने के लिए कहा। भाजीवाले ने एक्सीडेंट की जानकारी यादव को दी और यादव ने पटेल के परिवार वालों तक बात पहुंचाई। मामले की अधिक जांच जारी है।

### एजेंट के जरिये आरोपी तक पहुंची पुलिस

एमआईडीसी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के बाद आरोपी भाग गया था। उन्हें उसकी पहचान उन एजेंटों के माध्यम से पता चली जिन्होंने कार की बिक्री में मदद की थी। जब पुलिस उसके घरपर गई तब परिवार के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि वह सुबह से घर नहीं लौटा है। इसके बाद पुलिस ने एजेंटों द्वारा आरोपी का जो फोन नंबर प्राप्त किया जिसे उसने बंद करके रखा था। तभी पुलिस ने आरोपी चालक की फोटो बरामद की और सोशल मीडिया के माध्यम से मुखबिरों के जरिये आरोपी तक पहुंच गई। आरोपी को गुरुवार को अदालत में पेश किया गया।

## पालघर में भारी बारिश, तीन लोगों की मौत... IMD ने जारी किया रेड अलर्ट, 2 दिन बंद रहेंगे स्कूल

**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में बारिश से संबंधित अलग-अलग घटनाओं में बृहस्पतिवार को तीन लोगों की मौत हो गयी। जिले में तीन दिन से भारी बारिश हो रही है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने बताया कि मंगलवार से पालघर के कुछ हिस्सों में हो रही भारी बारिश के परिणामस्वरूप जिले के कई निचले इलाकों में पानी भर गया है। उन्होंने बताया के तीन अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हो गयी है। पालघर और पड़ोसी ठाणे जिले में मौसम विभाग की ओर से भारी बरिश के रेड अलर्ट के बाद संबंधित जिलों के अधिकारियों ने शुक्रवार और शनिवार को स्कूलों में अवकाश की घोषणा की है। महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के इरशालवाड़ी गांव में बुधवार रात करीब 11 बजे हुये भूस्खलन की घटना में 16 लोगों की मौत हो गयी।

# मृतक पुलिस परिवारों की मदद के लिए पुलिस विभाग के लोग ही आए आगे

## मनपा के पूर्व नगरसेवक ने बढ़ाया मदत का हाथ




**मुंबई :** मृतक पुलिस जवान और अधिकारी की सहायता करने के लिए पुलिस विभाग की टीम ही आगे आई है। इस टीम का उत्साह देख मनपा के पूर्व नगरसेवक अब्दुल अजीज बारूदगर ने भी सहायता का हाथ बढ़ाया। बता दे कि आल महाराष्ट्र पीएसआई 110 बैच के पुलिस अधिकारियों ने अपने बैच के मृत पुलिस कर्मियों के परिवारों की मदद करने की योजना बनाई। इस योजना की जानकारी मनपा के पूर्व नगरसेवक रहे अब्दुल अजीज बारूदगर को मिली उन्होंने पुलिस अधिकारियों के इस सराहनीय कार्य को नेक कार्य मानते हुए खुद भी पुलिस परिजनों को मदद करने के लिए आगे आए। बारुदगर ने अपने खपोली खडवली स्थित ''होलीडे आपके लिए'' बंगलो पर एक कार्यक्रम आयोजित कर मृतक पुलिस जवानो को 50,000 रुपये की आर्थिक मदद दी। आल महाराष्ट्र पीएसआई 110 बैंच के पांच जवानों की अलग-अलग कारणों से निधन हो गया था। उन परिवारों की मदद के लिए उस बैच के अधिकारियों ने आर्थिक मदद के अलावा उनके बच्चों के आगे की पढ़ाई में हर संभव मदद का निर्णय लिया। पुलिस जवानो के परिवार जनों की मदत करते हुए बबलू ने कहा कि पुलिसकर्मी लोगों की सुरक्षा में हमेशा लगे रहते है। पुलिस विभाग के जवान जो हर समय लोगो की सुरक्षा में लगे रहते है लेकिन कई बार अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते। पुलिस जवानों के परिवार के लोगो की भी मौत हो जाती है। लोगो की भी जिम्मेदारी बनती है कि उस परिवार की मदद की करें उन्होंने कहा अगर भविष्य में उन्हें और भी मदद की जरूरत पड़ेगी तो वह भी करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन खपोली पुलिस स्टेशन के पुलिस अधिकारी शीतल राउत, पुलिस अधिकारी घोसालकर, विजय उपाडे, रोशन रावराणे, अमोल वालसंग सहित अन्य अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका थी।

# मुंबई शहर को जलापूर्ति करने वाला तुलसी तालाब हुआ ओहर फ्लो

## तालाबों में जमा हुआ कुल 40 प्रतिशत पानी



**मुंबई :** मुंबई शहर को जलापूर्ति करने वाले 7 तालाबों में से एक तुलसी तालाब बुधवार की आधी रात लगभग 1 बजकर 25 मिनट पर भर कर बहने लगा। यह तालाब छोटा होने के कारण अभी मुंबई में चल रही पानी कटौती पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि मुंबई के लोगो के लिए बुधवार से जारी भारी बारिश से परेशानी के बीच एक सुखद खबर भी दी है।मुंबई को जलापूर्ति करने वाले 7 तालाब में एक तुलसी तालाब ओहर फ्लो हो गया।इसके बावजूद मुंबई को जलापूर्ति करने वाले 7 तालाबों में अभी तक मात्र 40 प्रतिशत ही पानी जमा हो पाया है।तुलसी तालाब में जमा होने वाले कुल पानी से मुंबई को मात्र 18 दिन की जलापूर्ति की जा सकती है इतना पानी इस तालाब में जमा होता है।मुंबई वासियों को साल भर जलापूर्ति करने के लिए सभी 7 तालाबों में 1 अक्टूबर को कुल 14 लाख 47 हजार 363 एम एल डी पानी जमा होना चाहिए ।मुंबई को अभी रोजाना 3850 एमएलडी पानी सप्लाई होती है जबकि अभी कि मुंबई की जनसंख्या के अनुसार लगभग 4300 एमएलडी पानी की सप्लाई होना चाहिए। मुंबई को जलापूर्ति करने वाले 7 तालाबों में तुलसी और मोड़क सागर ही मुंबई में है जबकि अन्य सभी ठाणे और नासिक में है।मुंबई को जलापूर्ति करने वाले सात तालाबों में भातसा तालाब में सबसे अधिक 7 लाख 17 हजार 37 मिलियन लीटर पानी जमा होता है।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : शनिवार 22 जुलाई 2023



# महापौर एमआईसी मेंबर से सवाल का जवाब दिलवाने पर अड़ीं



**भोपाल।** भोपाल नगर निगम परिषद की मीटिंग करीब 30 मिनट देरी से सुबह साढ़े 11 बजे शुरू हुई। वंदे मातरम् के गायन के बाद निगम पर एनजीटी द्वारा लगाए गए 1 करोड़ रुपए के जुर्माने, सीवेज समेत अन्य मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने हंगामा किया। उन्होंने अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की कुर्सी घेर ली। सभी मुद्दों पर कांग्रेस पार्षदों ने जांच कराए जाने की मांग की। चर्चा के बाद अध्यक्ष ने पार्षदों को लौटा दिया। इधर, बीजेपी पार्षद देवेंद्र भार्गव विकास कार्यों में गड़बड़ी के मुद्दे पर नाराज हो गए और उन्होंने सदन छोड़ने की धमकी दे दी। अध्यक्ष और बीजेपी पार्षदों ने उन्हें समझाइश देकर वापस कुर्सी पर बैठाया। वार्ड 12 से बीजेपी पार्षद भार्गव का कहना था कि मैं पार्षद विकास कार्य कराने के लिए बना हूं, लेकिन अफसर गड़बड़ी कर रहे हैं। उन पर कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा। कांग्रेस पार्षद भी भार्गव के साथ आ गए। दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने भार्गव के मुद्दे पर खुशी जताई।

इसके बाद प्रश्नकाल की शुरुआत हुई। शुरू होने के 20 मिनट बाद ही परिषद की मीटिंग 30 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। इसके बाद महापौर मालती राय एमआईसी सदस्यों से चर्चा करने लगी। इस मीटिंग में महापौर और अध्यक्ष के बीच चल रहे मतभेद फिर सामने आ गए। मीटिंग 30 मिनट के लिए स्थगित की गई थी, लेकिन इसे दोपहर 12.49 बजे एक घंटा बीत गया। इस बीच एमआईसी मेंबरों ने महापौर और अध्यक्ष से अलग-अलग चर्चा भी की। दोपहर 12.45 बजे महापौर एमआईसी सदस्यों के साथ हॉल से बाहर चली गई। करीब 15 मिनट बाद सभी मीटिंग में वापस आए और दोपहर 1.02 बजे मीटिंग फिर से शुरू हो गई। इस तरह मीटिंग 1 घंटा 13 मिनट तक स्थगित रही। दोपहर 12.45 बजे तक मीटिंग फिर से शुरू नहीं हुई तो बीजेपी और कांग्रेस के पार्षद हॉल से उठकर चले गए। महापौर और एमआईसी सदस्य पहले ही चले गए थे। दोपहर 12.45 बजे तक मीटिंग फिर से शुरू नहीं हुई तो बीजेपी और कांग्रेस के पार्षद हॉल से उठकर चले गए। महापौर और एमआईसी सदस्य पहले ही चले गए थे।

**इस पर मामला गरमाया :** नेता प्रतिपक्ष शाबिस्ता जकी के लोक महत्व के सवाल पर अध्यक्ष सूर्यवंशी ने महापौर मालती राय को जवाब देने को कहा। इस पर महापौर ने एमआईसी मेंबर मनोज राठौर को जवाब देने के लिए अधिकृत करने की बात कही। इस पर अध्यक्ष सूर्यवंशी ने आपत्ति ली और कहा कि लोक महत्व के सवालों का जवाब महापौर को ही देना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष जकी ने भी महापौर द्वारा जवाब देने की बात कही। इसके बाद जकी ने सवाल पूछना शुरू किया। सवाल के बाद महापौर एमआईसी मेंबर से ही जवाब देने पर अड़ी रही तो अध्यक्ष सूर्यवंशी ने उन्हें ही जवाब देने को कहा। इस पर अध्यक्ष सूर्यवंशी ने मीटिंग को आधे घंटे के लिए स्थगित कर दिया और कुर्सी से उठकर चले गए। अध्यक्ष ने महापौर को सवाल का जवाब देने के लिए 30 मिनट का समय भी दिया है। हालांकि, मीटिंग देरी से फिर शुरू हुई। अध्यक्ष ने कहा कि पक्ष और विपक्ष के पार्षदों की सहमति के बाद महापौर लिखित में जवाब देंगी। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि अगली बार लोक महत्व के सवालों का जवाब महापौर ही देंगी। बता दें कि मीटिंग में कांग्रेस और निर्दलीय पार्षद %शहर सरकार% से कुल 15 प्रश्न पूछेंगे। वार्ड-34 के पार्षद पप्पू विलास राव घाड़गे ने सवाल लगाया कि महान राजा भोज एवं रानी कमलापति की प्रतिमा का रंग काला क्यों है? यह किस अधिकारी या राजनेता की कल्पना है। वहीं, सीवेज, सिनेमाघरों से टैक्स वसूलने, नरेला विधानसभा में कौन-कौन से काम हुए, किस निधि से वार्डों में कितने निर्माण कराए गए समेत अन्य सवालों पर भी विपक्ष की घेरने की रणनीति है। नगर निगम के योजना प्रकोष्ठ में मृत्यु सहायता के रूप में दी जाने वाली राशि में हाल ही में दो करोड़ रुपए का घोटाला सामने आया था। इस मामले में योजना प्रकोष्ठ के सभी सात कंप्यूटर ऑपरेटरों को हटा दिया गया है और तत्कालीन 6 जोनल अधिकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। अब तक 6 जोन की 133 ऐसी फाइलें पकड़ में आई हैं जिनमें गलत तरीके से भुगतान किया गया है। कुछ और फाइलों की जांच चल रही है।

### हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज करेंगे पटवारी चयन परीक्षा की जांच

# सीएम ने कहा - जब तक संदेह समाप्त नहीं होगा नियुक्ति नहीं होगी



**भोपाल।** पटवारी चयन परीक्षा में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर मप्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है। पटवारी चयन परीक्षा के मामले की जांच हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज करेंगे। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। सीएम ने कहा कि जब तक संदेह समाप्त नहीं होगा नियुक्ति नहीं होगी। सीएम ने ट्वीट कर लिखा- कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से आयोजित ग्रुप-2 , सब ग्रुप-4 और पटवारी भर्ती परीक्षा की जांच के लिये उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधिपति राजेन्द्र कुमार वर्मा को नियुक्त किया गया है। जांच में इस परीक्षा से संबंधित शिकायतों और जांच के दौरान सभी बिंदुओं पर भी जांच की जाए। जांच के निष्कर्षों के आधार पर यथोचित अनुशंसाएं 31 अगस्त 2023 तक राज्य शासन को प्रस्तुत की जाएंगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विकास पर्व यात्रा के लिए बुधवार को सिवनी पहुंचे। यहां उन्होंने रोड शो के बाद आम सभा ली। इस दौरान उन्होंने सिवनी को नगर निगम बनाने का ऐलान किया। साथ ही कहा कि पटवारी भर्ती परीक्षा पर संदेह खत्म होने तक नियुक्तियां नहीं की जाएंगी। मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा, %मप्र में अभी 1 लाख पदों पर सरकारी नौकरियों में भर्ती जारी है। 55000 पदों पर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और पुलिस की भर्ती के आवेदन भर दिए गए हैं। पटवारी के मामले में थोड़ा सा संदेह पैदा हुआ तो मैंने तय किया कि फिलहाल नियुक्तियां नहीं होंगी। संदेह जब तक समाप्त नहीं करेंगे, कोई नियुक्ति नहीं होगी। जांच होगी। गड़बड़ पाए जाने पर...गड़बड़ करने वाले को मामा ठीक कर देगा। कोई चिंता मत करना लेकिन बताओ..., जितनी भर्तियां मामा कर रहा है कांग्रेस ने कभी की थीं क्या...बेरोजगारी भत्ता देंगे, याद है कि भूल गए... किसी को दिया क्या?

## अंतिम संस्कार के दौरान बाढ़ में बह गया शव

**खरगोन।** खरगोन जिले में अंतिम संस्कार के दौरान नदी में अचानक बाढ़ आ गई। जलस्तर बढ़ता देख मृतक के परिजनों को जलती हुई चिता को छोड़कर वहां से जाना पड़ा। पानी में शव बह गया। घटना बुधवार शाम की है। गुरुवार सुबह तक नदी का पानी उतर चुका था। परिजन अस्थियां और राख लेने नदी किनारे पहुंचे तो उन्हें कुछ अधजली लकड़ियां ही मिलीं। मामला झिरन्या? जनपद की पुतला ग्राम पंचायत के गांव कटझिरा का है। गांव में मुक्तिधाम? नहीं है। ग्रामीण अंतिम संस्कार की? क्रिया नदी किनारे ही करते हैं। बुधवार? को 95 वर्षीय पारुबाई छीतर? का निधन हो गया था। परिजन व ग्रामीण? शव लेकर रूपारेल की सहायक? नदी किनारे पहुंचे। अंतिम संस्कार के दौरान तेज बारिश शुरू हो गई। ऐसे में ग्रामीणों ने? बड़ा तिरपाल लगाकर? चिता तैयार की। चिता में आग लगाते? समय तिरपाल हटा लिया गया, लेकिन कुछ? ही देर में चीता तक नदी का पानी पहुंच गया।

### इंदौर का आधा किलो का बाफला

## सास के हाथ का खाना खाकर दामाद ने दिया आइडिया; शर्त रखी- घर जैसे ही जायकेदार बनाना

**इंदौर।** इंदौर में खाने-पीने के पुराने ठियों के साथ कई नए स्पॉट्स भी तेजी से उभरे हैं, इनमें कोई अलग स्वाद के लिए कोई अलग अंदाज के लिए खास है। जायका में हम इस बार लाए हैं सबसे बड़े बाफले की कहानी, जिसका नाम ही बिगेस्ट बाफला है। इसे एक महिला चलाती हैं। मेघदूत गार्डन के सामने चौपाटी पर बनने वाला यह बाफला काफी वजनी और बड़ा होता है। साथ में दाल, सब्जी, कढ़ी और चटनी का स्वाद भी घर जैसा। गायत्री सिंह के यहां के बाफले का वजन 500 ग्राम तक होता है। साइज हथेली के बराबर। बता दें कि घरों पर या रेस्टोरेंट में बनने वाले सामान्य बाफले का वजन 100 से 150 ग्राम तक ही होता है। गायत्री बताती हैं कि बड़े लोग कई बार पूरा बाफला एक बार में नहीं खा पाते तो हम घर ले जाने के लिए पैक कर देते हैं। कुछ लोग ग्रुप में बाफले खाने आते हैं तो एक बाफले के 5 से 6




पीस बनाकर सर्व कर देते हैं। गायत्री बताती हैं, 7 साल पहले 2016 में उज्जैन सिंहस्थ मेले में करंट फैलने से पति की मौत हो गई थी। पति मदन सिंह मेले में गार्ड की ड्यूटी कर रहे थे। बेटी तब 15 साल की ही थी। वह इंदौर में पढाई कर रही थी। मैं उसको पढ़ना चाहती थी। खुद 10वीं तक पढ़ी हूं। पति की मौत के बाद मायके महू में रहने लगी। एक भाई और बुजुर्ग माता-पिता ही हैं। पति की अचानक मौत से बेटी और माता-पिता की जिम्मेदारी मुझ पर आ गई। कुछ काम करने का मन बनाया लेकिन क्या करूं कुछ समझ नहीं आया। कुछ साल ऐसे ही भाई के सहारे जीवन चलता रहा। बाद में बेटी की शादी करवा दी।

## कुंभराज का गल्ला व्यापारी 8.5 करोड़ लेकर भागा

**गुना।** जिले के कुंभराज का एक व्यापारी गुना सहित कई जगह के व्यापारियों के करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गया। शुरुआती तौर पर लगभग 40 व्यापारियों के करीब 8.5 करोड़ रुपये लेकर भागने की बात सामने आ रही है। गल्ला व्यापारी ने सभी व्यापारियों को बुधवार को पेमेंट करने का कहा था। इससे पहले ही मंगलवार रात वह फरार हो गया। व्यापारियों ने स्क्र से इस मामले की शिकायत की है। मिली जानकारी के अनुसार लोकेंद्र गुप्ता (डब्बू) जीबी अग्रवाल नाम से गल्ला खरीदने-बेचने की फर्म चलाते हैं। कुंभराज मंडी में ही उनका फड़ है। उन्होंने कई व्यापारियों, किसानों से उपज खरीदी थी। इसका पेमेंट उन्होंने नहीं किया था। काफी समय से सभी अपना पेमेंट लेने के लिए लोकेंद्र से तकादा कर रहे थे। लोकेंद्र ने व्यापारियों को बुधवार को पेमेंट देने को कहा था। इसके लिए उसने व्यापारियों को बुलाया भी था। बुधवार को जैसे ही व्यापारी पेमेंट लेने उसके फड़ पर पहुंचे, वहां ताला लगा हुआ था। उसके घर जाकर देखा तो वहां भी ताले लगे हुए थे। व्यापारियों को पता चला कि वह तो मंगलवार रात ही फरार हो गया। हैरान-परेशान व्यापारी बुधवार को स्क्र के पास पहुंचे और शिकायत की।

### दलितों को मंदिर में जाने से रोका, चक्काजाम किया

# फ्लैक्स लगाकर समाज विशेष को आने से सख्त मना किया

**धार।** धार में एक मंदिर के सामने फ्लैक्स लगा दिया गया, जिसमें एक समाज विशेष के लिए लिखा है- मंदिर में आना सख्त मना है। विरोध में ग्रामीणों ने बुधवार रात 10 बजे चक्काजाम कर दिया। उनका कहना है दलित समाज के लोगों को मंदिर में जाने से रोका गया है। मामला कुक्षी विकासखंड के ग्राम लोहारी का है। चक्काजाम से मनावर-कुक्षी मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गईं। कुक्षी पुलिस ने ग्रामीणों से चर्चा करने की कोशिश की, लेकिन यहां मौजूद जयस संगठन ने वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाने के लिए कहा। ग्रामीणों से बात करने के बाद प्रशासन की टीम ने फ्लैक्स को तुरंत हटवा दिया। मनावर विधायक डॉ. हीरालाल अलावा भी




मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को प्रशासनिक अधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया। करीब ढाई घंटे तक चर्चा के बाद रात करीब 12=30 बजे लोग सड़कों से हटे। एसपी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि फ्लैक्स लगाने वाले प्रहलाद विश्वकर्मा के खिलाफ मारपीट सहित एससी-एसटी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है। गांव में श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण तीन माह पहले हुआ है। ग्रामीण यहां रोजाना दर्शन के लिए जाते हैं। बुधवार शाम को एक फ्लैक्स का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें लिखा था कि यह मंदिर सार्वजनिक नहीं है। यह संपदा व्यक्तिगत निजी है। ऐसे में निवेदन है कि ........(समाज विशेष) का मंदिर में आना सख्त मना है। धन्यवाद जागिरदार। चक्काजाम खोलने के बाद रात करीब 1 बजे गांव का रहने वाला धनराज कुछ लोगों के साथ पुलिस के पास पहुंचा। धनराज ने पुलिस को बताया कि प्रहलाद विश्वकर्मा ने मंदिर को लेकर फ्लैक्स लगाया था। हमने प्रहलाद से जाकर कहा कि फ्लैक्स लगाने से समाज की भावना आहत हुई है। इस पर प्रहलाद ने गालियां देते हुए कहा कि यह मेरा निजी मंदिर हैं। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी थी। चक्काजाम खुलवाने के लिए पुलिस और प्रशासन ने ग्रामीणों से ढाई घंटे तक चर्चा की, जिसके बाद वे सड़क से उठने को राजी हुए। चक्काजाम खुलवाने के लिए पुलिस और प्रशासन ने ग्रामीणों से ढाई घंटे तक चर्चा की, जिसके बाद वे सड़क से उठने को राजी हुए। जय आदिवासी संगठन (जयस) कार्यकर्ता महेंद्र कन्नौज का कहना है कि किसी की निजी जमीन पर समाज भी नहीं जाना चाहता, लेकिन फ्लैक्स लगाकर समाज की भावना को आहत किया गया है। आदिवासी देश के मूल निवासी हैं, समाज के लोगों को परेशान करने, प्रताड़ित करने के लिए इस प्रकार की हरकत की गई है।

www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani




# नटराजन चंद्रशेखरन को कहते हैं रतन टाटा का राइट हैंड, एक दिन की कमाई है 30 लाख रुपए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रतन टाटा ने टाटासंस को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया है। टाटा कंपनी उनके दिल के बेहद करीब है। रतन टाटा ने अब कंपनी की कमान उन्होंने अपने बेहद खास नटराजन चंद्रशेखरन के हाथों में सौंपी है। एन चंद्रशेखर को रतन टाटा का काफी करीबी माना जाता है। आज चंद्रशेखर आज जिन कंपनी की कमान संभालते हैं, कभी उसी कंपनी में इंटर्नशिप करते थे। हालांकि यह बात ज्यादातर लोगों को पता नहीं है। रतन टाटा उनपर भरोसा करते हैं। कारोबार को लेकर उनकी समझ, बिजनस प्लानिंग, कंपनी को लेकर उनका अपनापन उन्हें रतन टाटा के करीब लाता है।





## कौन हैं एन. चंद्रशेखरन

रतन टाटा के दायां हाथ माने जाने वाले एन. चंद्रशेखरन का जन्म 1963 में तमिलनाडु के बेहद साधारण किसान परिवार में हुआ। चंद्रशेखरन का बचपन अभावों में बीता। लेकिन उन्होंने मेहनत में कोई कमी नहीं की। वह हर दिन अपने भाई-बहनों के साथ वो 3किमी चलकर स्कूल जाते थे। स्कूली शिक्षा के बाद उन्होंने कोयंबटूर के इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी से ग्रेजुएशन किया। इसके बाद तमिलनाडु में रीजनल इंजीनियरिंग कालेज, तिरुचिरापल्ली से कंप्यूटर ऐप्लिकेशंस में मास्टर्स की।

## पढ़ाई में थे तेज

पढ़ाई में वो हमेशा से अच्छे थे, इसलिए कोयंबटूर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में उनका दाखिला हो गया। एप्लाइड साइंसेज में डिग्री पूरी करने के बाद उन्होंने तिरुचिरापल्ली में क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज से मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन की डिग्री हासिल की।

## सबसे युवा सीईओ

चंद्रशेखरन को साल 2007 में उन्हें टीसीएस बोर्ड में शामिल किया गया था। इसके बाद उन्हें मुख्य परिचालन अधिकारी यानी सीओओ की जिम्मेदारी मिली। अक्टूबर 2009 में उन्हें टीसीएस का सीईओ बनाया गया। वह सिर्फ 46 साल की उम्र में सीईओ बन गए। वह कंपनी के सबसे युवा सीईओ रहे।

## कितनी है सैलरी

चंद्रशेखरन की पत्नी का नाम ललिता है और उनका बेटा है जिसका नाम प्रणव चंद्रशेखरन है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चंद्रशेखरन का वेतन साल 2019 में 65 करोड़ रुपये सालाना था। साल 2021-22 में इसे बढ़ाकर 109 करोड़ रुपये कर दिया गया था। 2020 में 98 करोड़ रुपये में मुंबई की पेड्डर रोड पर डुप्लेक्स फ्लैट खरीदा था। चंद्रशेखरन की अगुआई में 2022 में टाटा ग्रुप का मुनाफा 64267 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। जबकि 2017 में जब उन्होंने कार्यभार संभाला था तब मुनाफा 36728 करोड़ रुपये था। चंद्रशेखरन के कार्यकाल के 5 साल में टाटा ग्रुप का राजस्व 6.37 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 9.44 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस फ्लैट का रेंट ही 20 लाख रुपये महीना है।

## कमाल की फिटनेस

एन चंद्रशेखरन फिटनेस के मामले भी आगे रहते हैं। चंद्रशेखरन कभी भी अपने रुटीन को नहीं तोड़ते हैं। ऑफिस के काम में चाहे कितनी भी देर क्यों न हो जाए वो रोज सुबह 4 बजे उठकर दौड़ते हैं। वो एक मैराथन रनर हैं। मैराथन और हाफ मैराथन में हिस्सा लेने के लिए वो दुनियाभर में घूम चुके हैं।

# चीन की अलीबाबा को पछाड़ने के करीब पहुंची रिलायंस

## रिलायंस का मार्केट कैप 19 लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में पिछले कुछ दिनों में काफी तेजी आ रही है। रिलायंस अपनी फाइनेंशियल सर्विसेज को अलग कर रही है और इसके लिए 20 जुलाई रेकॉर्ड डेट तय की गई है। इस कंपनी का नाम जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड होगा और इसके दिवाली से पहले लिस्ट होने की संभावना है। रिलायंस के शेयरहोल्डर्स को हरेक शेयर पर जेएफएसएल का एक शेयर मिलेगा। इससे रिलायंस के 36 लाख से अधिक शेयरहोल्डर्स को फायदा होगा। यही वजह है कि रिलायंस का शेयर पिछले कुछ दिनों से डिमांड में बना हुआ है। इसकी वैल्यू बढ़ने से कंपनी का मार्केट कैप भी 19 लाख करोड़ रुपये के ऊपर जा पहुंचा है। रिलायंस मार्केट कैप के लिहाज से



देश की सबसे बड़ी कंपनी है।रिलायंस चीन की दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अलीबाबा को पीछे छोड़ने के करीब पहुंच गई है। रिलायंस का मार्केट कैप अभी 231.01 अरब डॉलर है और वह दुनिया की टॉप कंपनियों की लिस्ट में 42वें नंबर पर है। दूसरी ओर अलीबाबा का मार्केट कैप 234.95 अरब डॉलर है और वह इस लिस्ट में 41वें नंबर पर है। अलीबाबा की स्थापना जैक मा ने की थी जो कभी रईसी में मुकेश अंबानी से भी आगे निकल गए थे। लेकिन चीन सरकार के खिलाफ एक बयान उन्हें काफी महंगा पड़ा। 2020 में अलीबाबा की वैल्यूएशन 620 अरब डॉलर पहुंच गई थी। मगर उसके बाद इसमें काफी गिरावट आई है।

## कौन–कौन हैं टॉप 10 में

मार्केट कैप के हिसाब से एपल दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी है। इसका मार्केट कैप 3.047 ट्रिलियन डॉलर है। दूसरे नंबर पर माइक्रोसॉफ्ट (2.672 ट्रिलियन डॉलर) और तीसरे नंबर पर सऊदी अरामको (2.071 ट्रिलियन डॉलर) है। गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट चौथे, ऐमजॉन पांचवें, एनवीडिया छठे, टेस्ला सातवें, फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स आठवें, बर्कशायर हैथवे नौवें और ताइवान की कंपनी टीएसएमसी दसवें नंबर पर है। भारत का एचडीएफसी बैंक 62वें और टीसीएस 75वें नंबर पर है। कमाई के हिसाब से सऊदी अरामको और रेवेन्यू के हिसाब से वॉलमार्ट दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी है।

# भारतीय परिधान निर्यातकों के पास जापान एक बड़ा अवसरः एईपीसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जापान को चीन के परिधान निर्यात में गिरावट भारतीय उद्योग के लिए एक बड़ा अवसर है। परिधान निर्यात संवर्द्धन परिषद (एईपीसी) ने बुधवार को यह बात कही। एईपीसी ने कहा कि अपनी अनूठी पेशकशों के साथ भारत के कपड़ा उद्योग के पास जापान की कंपनियों को अपने उत्पाद बेचने का यह एक बड़ा मौका है। परिषद के सदस्य तोक्या में इंडिया टेक्स ट्रेंड्स फेयर के 12वें संस्करण में भाग ले रहे हैं।



इंडिया टेक्स ट्रेंड्स फेयर के उद्घाटन के अवसर पर एईपीसी के चेयरमैन नरेन गोयनका ने कहा कि मेले में 180 से अधिक भारतीय प्रदर्शक भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा, ''पिछले तीन साल में जापान में परिधान आयात में सकारात्मक वृद्धि देखी गई है। दुनिया से जापान का कुल आयात जो 2018 में 28.49 अरब डॉलर था, अब बढ़कर 46.72 अरब डॉलर हो गया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका, जर्मनी और फ्रांस के बाद जापान दुनिया में चौथा सबसे बड़ा परिधान आयातक है। जापान के 23 अरब डॉलर के कुल परिधान आयात में भारत का हिस्सा सिर्फ एक प्रतिशत है। उन्होंने कहा, ''हमारे पास जापान के साथ कारोबार का बड़ा अवसर है। चीन, जो जापान का एक प्रमुख परिधान आपूर्तिकर्ता रहा है, के परिधान निर्यात में पिछले पांच साल के दौरान गिरावट आई है।

# बॉर्डर पार से पाकिस्तान की साजिश फिर हुई नाकाम

## बीएसएफ ने किया कमाल, श्रीगंगानगर में ड्रोन को मार गिराया

श्रीगंगानगर (एजेंसी)। राजस्थान के सरहदी जिले श्रीगंगानगर में भारत-पाक सीमा पर पाकिस्तान की ओर से एक और नापाक हरकत सामने आई है। बॉर्डर पार से एक ड्रोन भेजा गया। इसके जरिए नशे की खेप भेजी गई थी। हालांकि देश के युवाओं को नशे की दलदल में डालने की इस साजिश को बीएसएफ ने नाकाम कर दिया। पाकिस्तान की तरफ से आ रहे ड्रोन को बीएसएफ के जवानो ने मार गिराया। इसके बाद इलाके में सर्च अभियान चलाया गया है। बीएसएफ को अब तक तीन पैकेट मिले हैं। इसमें ढाई किलो कोकीन बरामद हुई है। बीएसएफ के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात 34वीं बटालियन की बीओपी 41 पीएस के पास यह घटना हुई। जवानों को पाकिस्तान की तरफ से आ रहे ड्रोन की आवाज सुनाई दी।

# रूस के ऐक्शन से गेहूं के लिए फिर तरसेगी दुनिया!

## बढ़ने लगा दाम, भारत से लेकर अफ्रीका तक होगा असर

**मास्को (एजेंसी)।** काला सागर में रूस के एक ऐलान से दुनिया फिर से सहमी हुई है। रूस ने कहा है कि वह यूक्रेन के साथ अनाज समझौते से पीछे हट रहा है। यही नहीं व्लादिमीर पुतिन की सरकार ने धमकी दी है कि काला सागर में यूक्रेन के बंदरगाह की ओर बढ़ते जहाजों को वह सैन्य जहाजों के रूप में देखेगा। रूस के इस ऐलान के बाद अब दुनियाभर में गेहूं के दाम एक बार फिर से बढ़ने लगे हैं। इससे पहले रूस ने काला सागर के रास्ते यूक्रेन के गेहूं और अन्य अनाजों से भरे जहाजों को सुरक्षित रास्ता देने के समझौते से खुद को अलग कर लिया था। इस बीच अमेरिका ने आरोप लगाया है कि रूस यूक्रेन के मालवाहक जहाजों को निशाना बनाने की योजना बना रहा है। वहीं पुतिन ने कहा है कि अगर उनकी मांगों को मान लिया जाता है तो वह तुरंत अनाज समझौते पर वापस लौट आएंगे। पुतिन ने मांग की है कि रूस





के कृषि बैंक को वैश्विक पेमेंट सिस्टम से जोड़ा जाए। इस बीच रूस के यूक्रेन पर भीषण हमले जारी हैं। अनाज समझौते को लेकर यूक्रेन ने दुनिया से मदद की गुहार लगाई है। इस बीच रूस के ऐलान के बाद यूरोपीय स्टॉक एक्सचेंज में गेहूं की कीमत एक दिन में ही 8.2 प्रतिशत बढ़ गई है। इसके अलावा मक्के की कीमत में भी 5.4 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। यूक्रेन गेहूं के सबसे बड़े निर्यातकों में आता है। यूक्रेन के कृषि मंत्री मयकोला सोलस्की ने कहा है कि रूसी हमले में 60 हजार टन अनाज नष्ट हो गया है। इसके अलावा गेहूं को निर्यात करने का आधारभूत ढांचा भी तबाह हो गया है। रूस ने इस समझौते से हटने के तुरंत बाद मंगलवार को यूक्रेन के बंदरगाहों को निशाना बनाया था जहां से गेहूं का निर्यात किया जाता था।




# 'ड्रीमगर्ल २' का नया पोस्टर हुआ रिलीज, अनोखे अंदाज में दिखे आयुष्मान खुराना

ड्रीम गर्ल 2 की एक झलक भर पाने के लिए लोगों का एक्साइटमेंट बढ़ता जा रहा है. और ऐसा हो भी क्यों न आखिर ड्रीम गर्ल पूजा के दीवानों की लिस्ट इंडस्ट्री के सभी बड़े सुपरस्टार्स से भरी जो पड़ी है, जिसमें लेटेस्ट एंट्री रॉकी की हुई है. हालांकि ड्रीम गर्ल की प्रेम कहानी की हालिया झलक में भी जब उनके सुंदर मुखड़े का दीदार नही हुआ, तो लोगों की बेकरारी का लेवल और बढ़ गया. पर अब लगता है कि ड्रीम गर्ल की झलक देखने का ड्रीम पूरा होने को आया है फिल्म के एक नए और दिलचस्प पोस्टर के साथ.आयुष्मान खुराना ने सोशल मीडिया पर फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है. उन्होंने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा- पूजा जल्द आ रही है, ड्रीमगर्ल 2 सिनेमाघरों में 25 अगस्त को रिलीज होगी.

ये पोस्टर पहले से ही सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है. इसमें आयुष्मान खुराना को एक आकर्षक नए अवतार में दिखाया गया है. वाइब्रेंट पर्दे के पीछे से बाहर निकलते ही दर्शकों को केवल उनका चेहरा ही दिखाई देता है. जो चीज वास्तव में हर किसी का ध्यान खींचती है वह है आयुष्मान के किरदार पूजा का उल्लेखनीय ट्रांसफॉर्मेशन, जो फेमिनिन लुक में कमाल लगती है, जिससे फैन्स को अगली कड़ी की कहानी की दिशा के बारे में उत्सुकता होती है.

करम के रूप में पूजा की परछाई पर्दे से झांकती है जो लोगों को खिलखिलाने और हंसाने का काम करती है. ऐसे में सभी बड़े पर्दे पर इस कम्पिलीट एंटरटेनमेंट को एंजॉय करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते! ड्रीम गर्ल 2 एकता आर कपूर और शोभा कपूर द्वारा निर्मित और प्रतिभाशाली राज शांडिल्य द्वारा निर्देशित हैं. ये फिल्म 25 अगस्त 2023 को रिलीज होगी. तो अब इंतजार किस बात का है अपने कैलेंडर में इस डेट को मार्क कीजिए और प्यार, हंसी और सरप्राइजेज से भरी एक रोलरकोस्टर राइड पर जाने के लिए सुपर रेडी रहिए.





# राज कुंद्रा करेंगे एक्टिंग डेब्यू!

**शिल्पा** शेट्टी कुंद्रा के पति और बिजनेसमैन राज कुंद्रा अब एक्टिंग में कदम रखने जा रहे हैं। राज जल्द ही एक ऐसी फिल्म बनाने जा रहे हैं, जो खुद उनकी बायोपिक होगी। सोर्सेस का दावा है कि यह फिल्म में राज मुंबई के आर्थर रोड जेल में बिताए दिनों और उनके अनुभवों पर आधारित होगी। दरअसल, 2021 में राज कुंद्रा को पोर्नोग्राफी केस में अरेस्ट किया गया था, जिसके बाद वह 2 महीने तक मुंबई की आर्थर रोड जेल में रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक एक सोर्स ने खुलासा करते हुए कहा- 'फिल्म उन सभी चीजों के बारे में डिटेल से बताएगी, जो राज कुंद्रा से जुड़ी हैं। इसमें उन दिनों को शामिल किया जाएगा, जो राज ने मुंबई की आर्थर रोड जेल में बिताए थे। डायरेक्टर का नाम अभी तक सीक्रेट रखा गया है। कहा जा रहा है कि राज कुंद्रा प्रोडक्शन से लेकर स्क्रिप्ट तक इसके सभी पहलुओं पर काम करेंगे। इसमें राज कुंद्रा की पूरी जर्नी को दिखाया जाएगा।

सोर्स ने आगे कहा- 'आरोपों की पहली रिपोर्ट से लेकर मीडिया रिपोर्टिंग तक, राज के जेल में बिताए दिनों से लेकर जमानत तक..फिल्म में सभी घटनाओं को शामिल किया जाएगा। यह राज और उनके परिवार के नजरिए से एक कहानी है, जिसे लोगों तक पहुंचाया जाएगा।

# 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में शनाया

**करण** जौहर ने अब तक कई स्टार किड्स को लॉन्च किया है। खासतौर पर आलिया भट्ट, वरुण धवन, सिद्धार्थ मल्होत्रा, जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर का करियर चमकाने में मदद की है। करण ने साल 2012 में अपनी फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' (SOTY) बनाई थी। इसमें आलिया भट्ट, वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा को लॉन्च किया था। इसी सीरीज के दूसरे भाग में जौहर ने अनन्या पांडे और तारा सुतारिया को शोबिज में एंट्री दी। अब जौहर अब एक बार फिर अपने धर्मा प्रोडक्शन के तले एक और स्टार किड को लॉन्च करने वाले हैं।

स्टूडेंट ऑफ द ईयर को करण जौहर ने फ्रेंचाइजी में बदल दिया है। अब, चार साल बाद, करण जौहर एक और जबरदस्त हाई स्कूल ड्रामा लेकर हाजिर है। इस बार तीसरे भाग में बॉलीवुड की एक और स्टार किड फिल्मों में एंट्री लेने जा रही हैं। ये कोई और नहीं एक्टर संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर हैं। इतना ही नहीं SOTY 3 बड़े पर्दे पर किसी फिल्म की तरह रिलीज नहीं होगी।



रिपोर्ट के मुताबिक, करण जौहर डिज्नी+हॉटस्टार के साथ साझेदारी में स्टूडेंट ऑफ द ईयर को एक वेब सीरीज के फॉर्म में ला रहे हैं। जौहर इस बार संजय कपूर और महीप कपूर की बेटी शनाया कपूर को लॉन्च करेंगे। हालांकि शनाया ने मोहनलाल की हाल ही में घोषित पैन-इंडिया फिल्म वृषभ के साथ डेब्यू कर लिया है। पर हिंदी सिनेमा में वो SOTY 3 से एंट्री ले सकती हैं। साथ ही शाना को ओटीटी पर भी डेब्यू हो जाएगा। फिलहाल SOTY 3 की कहानी पर काम चल रहा है। इस साल के आखिरी महीने में इसकी शूटिंग शुरू होने वाली है। मेकर्स इसको वेब सीरीज के फॉर्मेट में लेकर आएंगे। हालांकि, इसके प्लॉट और स्टार्स की जानकारी को सीक्रेट रखा जा रहा है। धर्मा एंटरटेनमेंट में इस शो पर काम जोरों पर चल रहा है। जल्द ही करण जौहर इसके डायरेक्टर के नाम की भी घोषणा कर देंगे।

# 30 साल पुराने शो के साथ लौटेंगे अनु कपूर

**अंताक्षरी** एक ऐसा खेल है जो दशकों में एक विशेष स्थान रखता है क्योंकि यह संगीत के माध्यम से दोस्तों एवं परिवार वालो को एक साथ बांध के रखता है। जब अंताक्षरी की बात हो तो ऐसे में हम अन्नू कपूर जी का यादगार शो अंताक्षरी और उसकी टीम दीवाने, मस्ताने और परवाने को कैसे भूल सकते है। जी हां एक बार फिर क्लासिक म्यूजिकल गेम फॉर्मेट 'बिग अंताक्षरी' के नाम से पहली बार रेडियो पर यानी कि बिग एफ पर वापस आ रहा है, जिसके होस्ट होंगे अंताक्षरी की जान अन्नू कपूर। बहुप्रतीक्षित शो 'बिग अंताक्षरी' का पहला एपिसोड शुक्रवार और शनिवार को रात 8 बजे से 9 बजे के बीच बिग एफ पर प्रसारित होगा। अंताक्षरी एक प्रिय गेम शो बना हुआ है जिसने उम्र,लिंग और भूगोल की सीमाओं को पार करते हुए भारतीयों की पीढ़ियों का मनोरंजन किया है। जुड़ाव को ऊंचा रखते हुए, बिग अंताक्षरी संगीत, पुरानी यादों, फिल्म ट्रिविया, गेमिफिकेशन, सक्रिय और निष्क्रिय भागीदारी और मेगा पुरस्कार जैसे विभिन्न पहलुओं के माध्यम से दर्शकों को पावर पैक मनोरंजन प्रदान करेगा। शो के प्रारूप में तीन गतिशील टीमें दिखाई देंगी - बैंक ऑफ बड़ौदा दीवाने,बैंक ऑफ बड़ौदा परवाने और बैंक ऑफ बड़ौदा मस्ताने - जो अपनी प्रतिभा और जुनून के साथ हर हफ्ते एक महाकाव्य मुकाबले में एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे।




मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com .